सार-समाचार

साक्षरता कार्यशाला आयोजित

पाटन (निसं)। नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत ब्लाक पाटन की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय धाँधेला में कलेक्टर स्तरीय सर्वेयर शिक्षकों एवं स्वयंसेवी शिक्षकों की एक दिवसीय आमुखीकरण प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन क्लस्टर प्रभारी विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं पीईईओ महेश कुमार खुडाणिया की अध्यक्षता में किया गया। इसमें ब्लॉक पाटन की धाँधेला,राजपुरा, पाटन, हसामपुर, छाजा की नांगल, डूंगा की नांगल सहित कुल 6 ग्राम पंचायत पीईईओ क्षेत्र के कुल 78 सर्वेयर शिक्षक एवं स्वयं सेवी शिक्षक संभागियों ने भाग लिया। कार्यशाला में ब्लॉक समन्वयक साक्षरता शिम्भु दयाल स्वामी ने संभागियों को नवभारत साक्षरता कार्यक्रम की विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान परिपेक्ष्य में साक्षरता केवल अक्षर ज्ञान व अंक/संख्या ज्ञान तक ही सीमित नहीं रह गयी है बल्कि इसमें अब असाक्षर व्यक्तियों को बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान (पढ़ना लिखना और सीखना) क्रिटिकल जीवन कौशल, बुनियादी शिक्षा, व्यावसायिक कौशल विकास और सतत शिक्षा प्रदान करना भी नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के ही घटक हैं।अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी महेश कुमार मीणा ने बताया कि नवभारत साक्षरता कार्यक्रम 2022 से 2027 तक भारत सरकार द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम है जिसमें हमें सभी को मिलकर ईमानदारी से इस कार्यक्रम में अपनी महत्ती भूमिका प्रतिपादित करते हुए समाज से निरक्षता के कलंक को मिटाना जरूरी है। अंत में क्लस्टर कार्यशाला प्रभारी पीईईओ महेश कुमार खुडानिया नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत उपस्थित सर्वेयर शिक्षकों एवं स्वयं सेवी शिक्षकों के दायित्व के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कार्यशाला में उपस्थित सभी संभागियों का धन्यवाद प्रकट करते हुए कार्यक्रम के सफल संचालन एवं क्रियान्वयन का आवाहन किया।

सत्रांत प्राचार्य वाकपीठ का समापन

झुंझुनूं, (निसं)। शिक्षा विभाग अलसीसर की ओर से ब्लॉक स्तरीय दो दिवसीय सत्रांत वाकपीठ का आयोजन निराधनूं स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में किया गया। मुख्य अतिथि जिला साक्षरता अधिकारी योगेन्द्र कुमार थे। इस मौके पर मुख्य अतिथि योगेन्द्र कुमार ने प्रिंसिपलों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालयों के सुचारू संचालन में प्राचार्यों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने विश्वास जताया कि प्राचार्य अपने दायित्वों का पूर्ण निष्ठा से निर्वहन करते हुए विद्यार्थियों को योग्य नागरिक बनाने में अहम योगदान देंगे। वाकपीठ अध्यक्ष प्रधानाचार्य राजेंद्र सिंह कपूरिया ने विद्यार्थियों के हित में सक्रियता से कार्य करने पर जोर दिया। दो दिवसीय वाकपीठ में विभिन्न वार्ताकारों ने विभागीय बिंदूओं पर विस्तृत जानकारी दी। वाकपीठ सचिव राजेश मील ने बताया कि समापन समारोह में जिला शिक्षा अधिकारी पद पर पदोन्नत प्रधानाचार्यों का सम्मान किया गया। साथ ही गणतंत्र दिवस पर जिला स्तर पर सम्मानित मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी राजेन्द्र कुमार खीचड, प्रधानाचार्य राजेन्द्र कपूरिया व ब्लॉक स्तर पर सम्मानित हुए अशोक कुमार प्रधानाचार्य पीथूसर और इसी सत्र में सेवानिवृत्त होने वाले प्रधानाचार्यों का सम्मान किया गया। वाकपीठ के अंत में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी राजेन्द्र कुमार खीचड ने सभी संस्था प्रधानों का धन्यवाद ज्ञापित किया। मंच संचालन बालिका स्कूल टमकोर प्रधानाचार्य फारूक खान ने किया।

कैलाश केसरी अस्पताल का शुभारंभ आज

झुंझुनूं, (निसं)। सेठ नेतराम मघराज राजकीय बालिका महाविद्यालय के सामने अग्रसेन सर्किल स्थित जिले के सबसे बडे आईसीयू की सुविधायुक्त कैलाश केसरी अस्पताल का शुभारंभ रविवार को सुबह सवा 11 बजे होगा। साथ ही सांस रोगों की जागरूकता, रोकथाम एवं प्रभावी इलाज की पहल सांस की आस कार्यक्रम की शुरुआत भी की जाएगी। कैलाश केसरी अस्पताल के निदेशक डॉ. कमलचंद सैनी ने बताया कि उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि राजस्थान विधानसभा के पूर्व प्रतिपक्ष नेता राजेंद्र राठौड़ होंगे एवं समारोह की अध्यक्षता झुंझुनूं जिले के प्रभारी मंत्री एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत करेंगे। झुंझुनूं विधायक राजेंद्र भांबू, नवलगढ़ विधायक विक्रम सिंह जाखल, उदयपुरवाटी विधायक भगवानाराम सैनी, खेतड़ी विधायक इंजीनियर धर्मपाल गुर्जर, नारनौल नगर परिषद सभापति श्रीमती कमलेश सैनी, भाजपा जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी, पूर्व जिलाध्यक्ष पवन मावंडिया, भाजपा नेता बबलू चौधरी एवं भाजपा नेता कुलदीप सिंह काली पहाड़ी बतौर विशिष्ट अतिथि समारोह में शिरकत करेंगे।

प्रदर्शन आगामी तिथि तक स्थगित

झुंझुनूं, (निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम द्वारा शिक्षकों के विभिन्न कैडर की मांगों को लेकर 24 फरवरी को जयपुर में विशाल शिक्षक रैली निकालकर विधानसभा पर प्रदर्शन किया जाना तय था। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा एवं झुंझुनूं जिलाध्यक्ष अशोक कुलहरि ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा के निदेशक आशीष मोदी आईएएस ने संगठन के प्रदेश अध्यक्ष एवं महामंत्री के नाम पत्र जारी कर सरकार के निर्देशानुसार संगठन के प्रतिनिधिमंडल को शिक्षकों की प्रमुख मांगों पर वार्ता के लिए वर्तमान विधानसभा सत्र की समाप्ति के उपरांत आमंत्रित करने की बात कही है। संगठन की प्रदेश संघर्ष समिति के संयोजक एवं मुख्य महामंत्री उम्मेद सिंह डूडी ने बताया कि निदेशक द्वारा जारी आधिकारिक पत्र पर संगठन के प्रशासनिक अध्यक्ष एवं मुख्य संरक्षक सियाराम शर्मा एवं प्रदेश संघर्ष समिति के सदस्यों से वार्ता के उपरांत संगठन द्वारा 24 फरवरी को जयपुर में आयोजित विशाल शिक्षक रैली एवं विधानसभा पर प्रदर्शन के कार्यक्रम को आगामी तिथि तक स्थगित करने का निर्णय लिया गया।

डॉ. जुल्फिकार का कनाडा की वेदांत सोसायटी पर अंतरराष्ट्रीय शोध पत्र प्रकाशित

झुंझुनूं, (निसं)। युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद पर शोध कार्य करने वाले तथा उनके संदेश को देश- विदेश में प्रचार-प्रसार करने वाले भीमसर गांव के युवा लेखक व चिंतक डॉ. जुल्फिकार का शोध पत्र इंटरनेशनल मल्टीफोकल रिसर्च जर्नल मे प्रकाशित हुआ है। यह अंतरराष्ट्रीय शोध पत्र कनाडा की टोरंटो वेदांत सोसायटी विषय पर प्रकाशित किया गया है। इस शोध पत्र में टोरंटो वेदांत सोसायटी की स्थापना 1968 से लेकर सोसायटी द्वारा किए जा रहे रचनात्मक गतिविधियों के साथ- साथ अन्य गतिविधियों का सुविस्तार से वर्णन किया है। यह शोध पत्र शोधकर्ताओं की महत्वपूर्ण सोच क्षमताओं को विकसित करने में और रिसर्च कार्य में सही दिशा प्रदान करने में सहायक सिद्ध होगा। डॉ. जुल्फिकार विवेकानंद अध्ययन व अनुसंधान के क्षेत्र में देश व विदेश में कई वर्षों से कार्य कर रहे हैं। यह संस्था अंतरराष्ट्रीय एकता व मानव सेवा के लिए संचालित है। जिसका लक्ष्य वेदांत दर्शन को बढ़ावा देना है।

आशा का झरना का दौरा किया

झुंझुनूं, (निसं)। श्री राधेश्याम आर मोरारका राजकीय महाविद्यालय में महिला नीति 2021 के अंतर्गत 35 छात्राओं के दल को प्राचार्य प्रोफेसर सुरेंद्र सिंह ने मूक-बधिर स्कूल आशा का झरना भ्रमण के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। संस्था संयोजक पंकज ने छात्राओं व स्टाफ सदस्यों को मानसिक विमंदित तथा मूक-बधिर बच्चों के शिक्षण कार्य के लिए प्रयुक्त सांकेतिक भाषा को विस्तार से समझाया तथा विभिन्न कक्षों मूक-बधिर नर्सरी वर्ग, फिजियोथैरेपी लैब, एवं मानसिक विमंदित वर्ग आदि का भ्रमण कराया। महाविद्यालय द्वारा इन मूक-बधिर बच्चों को फल, बिस्किट एवं पेन का वितरण किया गया। यह दौरा छात्राओं के लिए एक मूल्यवान शिक्षा अनुभव रहा। जिसमें उन्होंने विकलांगता के कारण सामने आने वाली चुनौतियों और समावेश और सुलभता के महत्व के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर महिला संयोजक मीनू, डॉ. आकांक्षा डूडी, कंचन शर्मा तथा अर्चना गजराज आदि सदस्य उपस्थित रहे।

शिविर में 85 लोग लाभान्वित

झुंझुनूं, (निसं)। महावीर इंटरनेशनल सनराइज एवं अपेक्स स्काईलाइन हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में अपेक्स हॉस्पिटल परिसर में नि:शुल्क मूत्र रोग चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन यूरोलॉजिस्ट विशेषज्ञ डॉ. सुरेश रूहलानिया द्वारा किया गया। शिविर में 85 रोगियों की डॉक्टर्स के परामर्श अनुसार नि:शुल्क जांच कर परामर्श दिया गया। महावीर इंटरनेशनल अपेक्स पदाधिकारियों द्वारा डॉक्टर्स टीम का माला एवं दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। शिविर में अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एमआईएफ श्यामसुंदर जालान, संस्था संरक्षक डॉ. एसएन शुक्ला, चेयरमैन राजेंद्रप्रसाद जोशी, रीजन सेक्रेटरी एमआईएफ महेश कुमार मूंड, जोन चेयरमैन एमआईएफ नागरमल जांगिड, रीजन ट्रेजरार देवेंद्र कुमार गौड, जोन ट्रेजरार शिव प्रसाद महर्षि, अशोक कुमार शर्मा, एमआईएफ ओमप्रकाश ककरानिया, सुमेरसिंह करणावत एवं काफी संख्या में गणमान्य जन व अस्पताल स्टाफ उपस्थित रहे।

'सरकार इसी कार्यकाल में शेखावाटी के गांव-गांव तक पहुंचाएगी यमुना का पानी'

झुंझुनूं, (निसं)। यूडीएच मंत्री झाबरसिंह खर्रा ने कहा है कि भजनलाल सरकार अपने इसी कार्यकाल में सीकर, चूरू और झुंझुनूं के गांव-गांव तक यमुना का पानी पहुंचाएगी। इसके लिए दो दिन पहले ही ज्वाइंट टास्क फोर्स का गठन किया गया है। जो सर्वे का काम पूरा करेगी। सर्वे के बाद डीपीआर बनाई जाएगी। डीपीआर के अनुसार जितना भी बजट चाहिएगा। सरकार बजट देकर इस कार्य को शुरू करेगी। खर्रा शनिवार को झुंझुनूं के संस्थापक वीर झूंझा जाट स्मारक स्थल पर 17वें प्रतिमा स्थापना दिवस कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

विधायक राजेंद्र भांबू की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी, पूर्व संभागीय आयुक्त अंतरसिंह नेहरा, मदरसा बोर्ड चेयरमैन एमडी चोपदार, पूर्व चेयरमैन मधुसुदन भिंडा फतेहपुर, भाजपा के राष्ट्रीय परिषद सदस्य विश्वंभर पूनियां, पूर्व प्रधान सुशीला सीगड़ा, चिड़ावा प्रधान रोहिताश्व धांगड़ तथा संस्था संरक्षक बजरंगलाल नेहरा थे। व्यवस्थापक महेंद्र चौधरी ने बताया कि सर्वप्रथम आर्य समाज के डीवी शास्त्री द्वारा मंगलाचरण से समारोह का शुभारंभ किया। संस्था अध्यक्ष डॉ. महेंद्र नेहरा ने स्वागत भाषण दिया। संस्था सचिव सुरेश जाखड़ ने प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इसके उपरांत सभी मंचस्थ अतिथि एवं संस्था कार्यकारणी द्वारा स्मारिका का विमोचन किया गया। साथ ही इस बार के समारोह में सत्र 2024-25 की यूपीएससी, आरपीएससी, आईआईटी, मेडिकल, प्रगतिशील किसान, पर्यावरण संरक्षण, राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय खिलाडी एवं अन्य विभिन्न क्षेत्रों में सर्व समाज की उत्कृष्ट प्रतिभाओं का सम्मान किया गया।

यूडीएच मंत्री झाबरसिंह खर्रा ने झुंझुनूं के संस्थापक वीर झूंझा जाट स्मारक स्थल पर 17वें प्रतिमा स्थापना दिवस कार्यक्रम को संबोधित किया।

अपने मुख्य वक्तव्य में मंत्री खर्रा ने यह भी कहा कि आजादी के संक्रांति काल से लेकर विकसित भारत की संकल्पना तक महापुरुषों की तपस्या, बलिदान और संघर्ष ही आधारस्तंभ है हम सबको उनकी शिक्षा, संस्कार और धरोहर को संजोकर रखना और उनके पदचिह्नों पर चलते हुए देश और समाज को समृद्ध बनाना है। अध्यक्षीय उद्बोधन में झुंझुनूं विधायक राजेंद्र भांबू ने कहा कि उनका लक्ष्य जिले की जनता के मंशा अनुरूप नेहरा पहाड को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करना प्राथमिक लक्ष्य है। साथ ही जिले की अन्य मूलभूत सुविधाओं को सरकार से जल्द पूरी करने के लिए वो संकल्पित है। उन्होंने कहा कि मुझे गर्व कि इस जिले की स्थापना एक ऐसे वीर पुरुष ने की जो हर वर्ग, धर्म, जाति के लोगों को साथ लेकर चले और विकास किया। मैं जिले के समग्र विकास के लिए हमेशा सजग हूं। शुभकरण चौधरी ने किसानों के चहुंमुखी विकास के लिए हमेशा उनके साथ मिलकर आवाज उठाने की बात कही। पूर्व संभागीय आयुक्त अंतर सिंह नेहरा और मदरसा बोर्ड अध्यक्ष एमडी चोपदार ने भी सभा को संबोधित किया।

चोपदार ने स्मारक स्थल पर डिजिटल लाइब्रेरी के लिए सहयोग की घोषणा की। समारोह में शिक्षाविद् भामाशाह बीएल रणवां और श्यामसिंह कटेवा ने एक एक लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की। रामपाल भेड़ा ने टेंट की व्यवस्था की। वहीं सभी आगंतुकों के लिए विधायक राजेंद्र भांबू ने भोजन व्यवस्था की। इस अवसर पर कृषि वैज्ञानिक डॉ. हनुमान प्रसाद, पूर्व सभापति खालिद हुसैन, विजयगोपाल मोटसरा, मनफूल बिजारणियां, पार्षद प्रमोद जानूं, प्रमोद बुडानिया, शिवकरण जानूं, कृष्ण गावड़िया, राजेंद्र कस्वां, कुरड़ाराम नेहरा, सेवानिवृत एक्सईएन शुभकरण राहड़, बीरबल रेवाड़, कृपाल सिंह, बबिता चौधरी, संतोष लालपुरिया, सरोज चौधरी, चंद्रकला, करणीराम ढिगाल, जयप्रकाश महला, सज्जन कालेर, जमील पठान, बलबीर नेहरा, गोमाराम और रामकुमार उपस्थित रहे। संचालन नेशनल यूथ आइकॉन वकील विजयहिंद जालिमपुरा ने किया।

प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

सीकर (निसं)। एनएच 52 स्थित स्वामी केशवानन्द शिक्षण संस्थान समूह भढाडर सीकर में वार्षिक उत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथि मंजू छीपा इंडियन स्काउट लीडर पूर्व विद्यार्थी, आरू नामा, प्यारे लाल ढाका जिलाध्यक्ष रेस्टा सहित संस्थान निदेशक रामनिवास ढाका, चैयरमैन सुरेन्द्र सिंह, सहनिदेशक गोपाल सिंह ने माँ सरस्वती की प्रतिभा सम्मुख दीप प्रज्जवलन कर किया। कार्यक्रम में संस्थान के छात्र-छात्राओं ने राजस्थानी संस्कृति को प्रदर्शित करते हुए राजस्थानी लोकगीतों पर रंगारंग प्रस्तुतियाँ दी। वहीं प्रतिभा सम्मान समारोह की कडी में संस्थान के विद्यार्थी देवमीणा जिन्होनें अभी हाल ही में पोल वॉट के शिवा सुब्रहम्णयम के 5.31 मीटर के रिकार्ड को तोडते हुए 5.32 मीटर का देश के लिए नया रिकार्ड बनाकर गोल्ड मैडल हासिल करने पर नगद पुरस्कार, घडी, मैडल, मोमेंटों भेंट कर स्वागत किया वहीं नेशनल व राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में मैडल जीतने वाले विद्यार्थीयों का घडी, गोल्ड मैडल से सम्मानित किया।

जिले की प्रभारी सचिव आरती डोगरा ने अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली

सीकर (निसं)। अध्यक्ष डिस्कॉम्स एवं प्रबंध निदेशक जयपुर वितरण निगम लिमिटेड एवं जिले की प्रभारी सचिव आरती डोगरा ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर राज्य सरकार की बजट घोषणाओं की प्रभावी मॉनिटरिंग कर धरातल पर लाने के निर्देश दिए।

इस दौरान उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं, संपर्क पोर्टल पर लंबित मामलों, ई-फाइल प्रणाली, जिला स्तरीय सतर्कता समिति एवं जिला, ब्लॉक एवं ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित जनसुनवाईयों के परिवादों के निस्तारण की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिले की प्रभारी सचिव आरती डोगरा ने नगर परिषद आयुक्त को निर्देश दिए कि सोलिड वेस्ट मेनेजमैंट के लिए भूमि का चिन्हीकरण करने की कार्यवाही करने के साथ ही चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग मोहनपुरा में पीएचसी खोलने के लिए भूमि का चयन कर आवंटन के प्रस्ताव भिजवाएं। उन्होंने ऊर्जा विभाग के अधीक्षण अभियन्ता को निर्देशित किया कि जिले में प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना में रूफ टॉप सोलर स्थापित करने के लिए चार-पांच ग्राम पंचायतों का एक कलस्टर बनाकर अधिक से अधिक सोलर स्थापित करने के कार्य में गति लाने के निर्देश दिए।

जिले की प्रभारी सचिव आरती डोगरा ने सार्वजनिक निर्माण विभाग को भढ़ाढ़र से नवलगढ़ मार्ग पर बनने वाले आरओबी की डीपीआर तैयार करने, रामूका बास से बायपास रोड़ के लिए भूमि आवप्ति का प्रस्ताव तैयार करने, तारपुरा हवाई पट्टी का विस्तार करने के लिए भूमि आवंटन के लिए चिन्हीकरण करने, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग को कामकाजी महिला छात्रावास की सुविधा के लिए एनजीओं अथवा अन्य व्यवस्था कर शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को आगामी गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए जिले में पेयजल आपूर्ति के लिए ट्यूबवेल, हैडपम्प की मरम्मत कराने, संसाधनों की उपलब्धता रखने के साथ ही पेयजल टैंकरों के टेण्डर की प्रक्रिया समय पर करने के संबंध में निर्देशित किया। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने प्रभारी सचिव को बताया कि पिछले बजट घोषणाओं में विभिन्न विभागों को भूमि आवंटन का कार्य पूरा हो गया है। वर्ष 2025-26 में 37 बजट घोषणाओं में से 14 में भूमि आवंटन के चिन्हीकरण के लिए संबंधित उपखण्ड अधिकारियों को तीन दिवस में आवंटन प्रस्ताव भिजवाने के निर्देश दिए गये है। उन्होंने बताया कि जिले के खाटूश्यामजी में 28 फरवरी से 11 मार्च तक आयोजित होने वाले वार्षिक फाल्गुन लक्खी मेले में यातायात व्यवस्था, सफाई, पेयजल, रूटचार्ट, अस्थाई शौचालयों, मंदिर दर्शन व्यवस्था के लिए साईनेज लगवाने के संबंध में संबंधित अधिकारियों को व्यापक निर्देश दिये गये है।

इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार, अतिरिक्त जिला कलेक्टर शहर भावना शर्मा, सीईओ जिला परिषद राजपाल यादव, यूआईटी सचिव जेपी गौड़,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह जोधा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक महरिया सहित संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहें।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन

खेतड़ी ,(निसं) खेतड़ी उपखंड के गोठड़ा में शनिवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के उद्धघाटन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला महामंत्री पूनम धर्मपाल गुर्जर, विशिष्ट अतिथि सीएमएचओ डॉ छोटेलाल गुर्जर, बीसीएमओ डॉ हरीश यादव, हरिराम गुर्जर, बबलू अवाना थे, जबकि अध्यक्षता सरपंच सरती देवी ने की। कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम अतिथियों ने विधिवत रूप से फीता काटकर पीएचसी भवन का उद्धघाटन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि पूनम धर्मपाल गुर्जर ने कहा किकहा कि खेतडी क्षेत्र में राज्य सरकार की ओर से चिकित्सा सेवाओं का बेहतर विस्तार किया जा रहा है, जिससे क्षेत्र की जनता को उपचार के लिए कहीं अन्य स्थानों पर नहीं जाना पडेगा। राज्य सरकार की ओर से खेतड़ी के बबाई, बडाऊ, मेहाड़ा व शिमला में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बनाए गए है। वहीं क्षेत्र का एक मात्र सबसे पुराने खेतड़ी सीएचसी को उप जिला अस्पताल में क्रमोन्नत कर दिया है, जिसका भवन निर्माणाधीन है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में क्षेत्र की जनता के लिए स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाया जाएगा, जिससे विशेषज्ञ डॉक्टरों की सुविधा आमजन को मिल पाएंगी। पहले के समय में बेहतरस्वास्थ्यसेवाओं का अभाव होने के कारण लोगों को झुंझुनूं व नीम का थाना जाना पड़ता था, लेकिन अब खेतड़ी में ही बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मुहैया करवाई जा रही हैं। राज्य सरकार की ओर से चिकित्सा विभाग में अनेक जन कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। ऐसे में प्रत्येक व्यक्ति को जागरुक होकर सरकार की योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए।

कार्निवल यात्रा का शुभारंभ हुआ

चूरू (निसं)। चूरू महोत्सव -2025 का शनिवार को आगाज हुआ। शुभारंभ पर विधायक हरलाल सहारण, जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा, एसपी जय यादव, एडीएम अर्पिता सोनी, सीईओ ष्वेता कोचर, जिला उप प्रमुख महेंद्र न्यौल, प्रधान दीपचंद राहड, नगरपरिषद आयुक्त अभिलाषा सिंह सहित अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने गढ परिसर स्थित ठाकुरजी मंदिर में पूजा-अर्चना कर विरासत कार्निवल यात्रा का शुभारंभ किया।

पंडित आनंद व्यास व उमेश व्यास ने विधिवत् पूजा अर्चना करवाई। इसके बाद अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों व नागरिकों ने स्वामी गोपालदास की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर होली की धमाल व लोकगीतों पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से कार्निवल यात्रा का शुभारंभ किया। स्वामी गोपालदास चौक पर विधायक सहारण, जिला कलेक्टर सुराणा, एसपी यादव सहित अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों ने होली धमाल और लोकगीतों पर ढ़फ पर थाप देते हुए कदम थिरकाए। बालक-बालिकाओं ने म्हारी घुमर छै नखराली ए मा..., चालो देखण न बाईसा थारो बीरो नाचे रै.. सहित अन्य लोकगीतों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। विधायक सहारण और उप प्रमुख न्यौल ने ऊंट की सवारी की। बजरंग हर्षवाल व टीम ने होली धमाल की प्रस्तुति दी। विरासत कार्निवल यात्रा गढ परिसर से सफेद घंटाघर, सुराणा हवेली, मालजी का कमरा, बालिका महाविद्यालय, आलोक सिनेमा हॉल से राम मंदिर होते हुए इंद्रमणि पार्क पहुंची। इंद्रमणि पार्क पर विरासत कार्निवल यात्रा का समापन हुआ।

होली की धमाल व लोकगीतों पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से कार्निवल यात्रा का शुभारंभ किया।

यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर व्यापार मंडल के पदाधिकारियों, व्यापारियों और नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर विरासत कार्निवल यात्रा का स्वागत किया। इस दौरान जीके मॉल के आगे रघुनाथ खेमका के नेतृत्व में पुष्प वर्षा कर व जय हिन्द बैण्ड के युनस मास्टर के नेतृत्व में बैंड वादन से यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर एसडीएम बिजेंद्र सिंह, डीएसपी सुनील झाझडिया, डीडीपीआर कुमार अजय, तहसीलदार अशोक गोरा, अरविंद चोटिया, दलीप सरावग, सुशील लाटा, अभिषेक चोटिया, सुरेश सारस्वत, दीनदयाल सैनी, हेमसिंह, सीपी शर्मा, श्रीराम पीपलवा, फतेहचंद सोती, बीएन राजोतिया, सुनील ढ़ाका, सीएमएचओ डॉ. मनोज शर्मा, सुनील भाऊवाला, डॉ. मंगल जाखड़, डॉ. नरेंद्र शेखावत, नगेंद्र सिंह, सीबीईओ ओमदत्त सारण, मुकुल भाटी, शीशपाल बुडानिया सहित बडी संख्या में विद्यार्थी, राजस्थान स्काउट गाइड, महिलाओं व नागरिकों ने भागीदारी निभाई।

सार-समाचार

मैराथन दौड़ तीन मार्च को

झुंझुनूं, (निसं)। युवाओं में बढ़ती नशे की लत की रोकथाम के लिए इस बार ब्राह्मण समाज, झुंझुनूं नागरिक मंच एवं राजस्थान एथलेटिक्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान व झुंझुनूं निवासी दोहा कतर प्रवासी ब्राह्मण समाज के भामाशाह विक्रम मिश्रा के सौजन्य से तीन मार्च को एंटी ड्रग नोप टू डोप थीम पर मैराथन दौड होगी। साथ ही समाज में समानता सशक्तिकरण का संदेश भी दिया जाएगा। कार्यक्रम व झुंझुनूं नागरिक मंच के संयोजक उमाशंकर महमिया ने बताया कि समाज में बढ़ते नशे को रोकने और इसके दुष्प्रभावों से जागरूक करने के लिए करने के लिए इस बार एंटी ड्रग नोप टू डोप थीम थीम पर मैराथन का आयोजन किया जाएगा। ब्राह्मण समाज और झुंझुनूं नागरिक मंच के पदाधिकारी ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पवन शर्मा, महामंत्री शिवचरण पुरोहित, विप्र फाउंडेशन के जिला संगठन महामंत्री रामगोपाल महमिया, विप्र सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष महेश बसावतिया, उपाध्यक्ष पवन पुजारी, सुरेंद्र शर्मा सहित झुंझुनूं नागरिक मंच के डॉ. संजय कटेवा, अनिल जांगिड आदि ने बैठक का आयोजन कर बताया तीन मार्च सुबह आठ बजे चूणा चौक स्थित रामलीला पार्क से जिला कलेक्टर रामावतार मीणा, जिला पुलिस अधीक्षक शरद चौधरी के आतिथ्य में हरी झंडी दिखाकर मैराथन शुरू होगी। जो शहीद स्मारक पार्क में समापन होगी। प्रथम विजेता को नगद 3100 रुपए, दूसरे नंबर विजेता को 2100 रुपए, तृतीय को 1100 रूपए व चौथे-पांचवें नंबर पर आने वाले प्रतिभागी को 500-500 रूपए का नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। सभी प्रतियोगिता में भाग लेने वाले धावकों को नशा मुक्ति के संदेश का स्लोगन लिखी हुई टी-शर्ट दी जाएगी। मैराथन में भाग लेने वाले इच्छुक धावक कोच सुभाष योगी के इस नंबर पर 9314736577 संपर्क कर अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं।

चोरी की घटनाओं से लोग परेशान

खिरोड, (निसं)। क्षेत्र में इन दोनों आए दिन भेड बकरियां चोरी होने की घटना से लोग काफी भयभीत होने लगे हैं। खिरोड़ क्षेत्र में शुक्रवार रात को भी एक ऐसी ही घटना हुई। खिरोड़ से बेरी जाने वाले रास्ते पर स्थित भूराराम पुत्र बोयताराम के मकान के पास बने बाड़े में 15 भेड़ बंधी हुई थी। जिनमें से अज्ञात चोरों ने शुक्रवार रात्रि करीब 1:40 बजे चार भेड़ें व एक पालतु कुत्ता चुरा लिया गया। अज्ञात चोरों ने 15 भेडों में से चार भेड़ें निकालकर पिकअप में डालकर ले गए। भेड़ चोरी होने की घटना का पता तब चला जब पशुपालक भूराराम सुबह चार बजे उठकर देखा तो पता चला कि 15 भेड़ों में से चार भेंड़े कम है। फिर इधर-उधर देखने पर पता चला कि चार भेड़ रात को चोरी हो गई। भूराराम ने भेड़ें चोरी होने की रिपोर्ट गोठडा थाने में दर्ज करवा दी है। भूराराम के मुताबिक भेड़ चोरी होने के बाद आस-पास के इलाके में लोगों को घटना की जानकारी देकर भेड़ों को इधर-उधर देखा मगर भेड़ों का कोई पता नहीं चला। क्षेत्र के दानाराम डूडी ने बताया कि आजकल इन दोनों अज्ञात चोरों द्वारा रात को भेड़ बकरियां चुराने की घटना दिन प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है। मगर पुलिस प्रशासन द्वारा ऐसे लोगों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। क्षेत्र में भेड़ बकरियां चोरी होने की घटना को लेकर लोग काफी भयभीत नजर आने लगे हैं।

विदाई समारोह का आयोजन

झुंझुनूं, (निसं)। चूणा चौक राणी सती रोड स्थित झुंझुनूं प्रगति संघ द्वारा संचालित आदर्श बाल निकेतन सीनियर सैकंडरी स्कूल में शनिवार को 12वीं क्लास के विद्यार्थियों के लिए 11वीं क्लास के विद्यार्थियों द्वारा फेयरवेल व गुडलक पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक रूप से मां सरस्वती की पूजा के साथ की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथी स्कूल सेक्रेटरी परमेश्वर हलवाई रहे व अध्यक्षता स्कूल प्रिंसिपल डॉ. अजय कुमार ने की। स्कूल सेक्रेटरी ने सभी बच्चों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि जीवन में सदमार्ग पर चलते हुए कड़ी मेहनत, आत्मविश्वास, दृढ इच्छाशक्ति व सकारात्मक सोच से कठिन से कठिन लक्ष्य को भी प्राप्त किया जा सकता है। साथ ही कहा कि एक अच्छा इंसान बनकर समाज निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। इस अवसर पर 11वीं व 12वीं के विद्यार्थियों ने रंगारंग प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम में चार-चांद लगाए। क्लास 12वीं के सभी स्टूडेंट्स को टाइटल व गिफ्ट दिए गए। क्लास 12वीं के स्टूडेंट्स ने भी सभी टीचर्स को टाइटल व गिफ्ट दिए। मिस्टर फेयरवेल का अवार्ड लकी खन्ना व मिस फेयरवेल का अवार्ड काकुल शर्मा को मिला। अंत में स्कूल प्रिंसिपल डॉ. अजय कुमार ने शुभाशीष देते हुए कहा की निरंतर अभ्यास ही सफलता का मूल मंत्र है। कार्यक्रम का सफलतम संचालन क्लास 11वीं के विद्यार्थियों द्वारा किया गया।

श्री विवेकानन्द मित्र परिषद का सम्मान

चिड़ावा (निसं)। शहर की सामाजिक राष्ट्रवादी संस्था श्री विवेकानंद मित्र परिषद का झुंझुनूं जिला मुख्यालय पर जिलास्तरीय समारोह में स